तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, मंगलवार 25 नवंबर 2025

11 आयुक्त कावरे ने मतदाता सूची अद्यतन एवं सही प्रविष्टियां...



12 पढ़ाई और खेल दोनों में बेटियों ने बढ़ाया मान...





## खबर संक्षेप

### तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू का राजिम दौरा आज



**राजिम।** तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र साहू 25 नवंबर को दोपहर 2 बजे राजिम पहुंच रहे हैं। रेस्ट हाऊस में स्थानीय जनप्रतिनिधियो एवं समाज के लोगों से भेंट मुलाकात करेंगे। दोपहर 3 बजे भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर जाएंगे। राजिम में उनके शानदार स्वागत सत्कार की तैयारी साहू समाज तथा राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा की गई है। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने दी।

### ग्राम गौरघाट में मड़ई मेला 29 को

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में अब धान कटाई के साथ ही मड़ाई मेला का दौर प्रारंभ हो जायेगा। मैनपुर क्षेत्र के प्रथम मड़ाई मेला का आयोजन ग्राम गौरघाट में 29 नवम्बर दिन शनिवार को आयोजित किया गया है, इस दौरान क्षेत्रभर के देवी-देवताओं की ध्वज एवं सवारी ग्राम गौरघाट पहुंचेंगी जहां विशेष पूजा-अर्चना कर मड़ाई बिहाई जायेगी और राज में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी लोककला मंच बालोद धनेली के द्वारा लहर गंगा की प्रस्तुती दी जायेगी। क्षेत्र के प्रथम मडाई मेला को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है, उक्त जानकारी ग्राम के पूर्व सरपंच खेलन दीवान एंव सभी ग्रामवासियों ने देते हुए क्षेत्रवासियों को मड़ाई मेला में शामिल होने की अपील की है।

### स्वामी आत्मांनद स्कूल में बाल मेला कल

**मैनपुर।** मैनपुर नवमुड़ा स्थित स्वामी आत्मांनद इंग्लिश मिडियम स्कूल में 26 नवम्बर को सुबह 11 बजे से बालमेला का आयोजन स्कूल मैदान में किया गया है। इस दौरान स्कूली बच्चों के द्वारा अनेक प्रकार के व्यंजन का स्टाल लगाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य विश्राम सिंह नागेश से सभी को बालमेला में आमंत्रित किया है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** शराब की अवैध बिक्री करने वाले एक व्यक्ति के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिसको सूचना मिली थी कि पुराना भट्ठी रोड जोगी तालाब के पास सरायपाली में एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए रखा हुआ है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम गुलाब जांगड़े पिता लक्ष्मण जांगड़े (29 वर्ष) नूनपानी थाना सरायपाली होना बताया। आरोपी के कब्जे से 3 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 300 रुपए कोजब्त धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** लड़ाई झगड़ा करने वाले युवकों को मना कर रहे एक अन्य युवक के साथ मारपीट की घटना में आरोपियों के विरूद्ध सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस के अनुसार 23 नवंबर की रात करीब 7:30 बजे गौरा चौरा के पास कुम्हारपारा महासमुंद में कुछ लोग लड़ाई झगड़ा और गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें विवाद करने से वार्ड 22 श्रीराम कॉलोनी निवासी टिकेश्वर साहू ने मना किया। जिस पर आरोपी सागर, साहिल और सोनू यादव ने एक राय होकर गाली गलौज करते हुए प्रार्थी के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान सोनू यादव द्वारा पास में पड़े ईंट से दाहिने आंख के पास मारा, जिससे प्रार्थी को चोट लगी है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# मैनपुर-देवभोग एनएच पर आवारा मवेशियों का कब्जा, बढ़ती दुर्घटनाओं से प्रशासन बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

शासन के सख्त निर्देश के बाद भी सड़कों को आवारा मवेशियों के कब्जा से मुक्त करा पाने में नाकाम साबित हुआ है, नगर सहित नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर देवभोग गरियाबंद मार्ग में खुले में घुम रहे मवेशियों के चलते लगातार दुर्घटनाए बढ़ रही है और तो और एक ओर जहां मवेशियों के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है वहीं दूसरी ओर मवेशी भी वाहनो के चपेट में आने से काल के गाल में समा जा रहे है लेकिन इस गंभीर समस्या के समाधान के तरफ शासन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है नगर व क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया मवेशी घुले में घुम रहे है मवेशी मालिको द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण जहां एक ओर लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है वहीं मवेशी भी दुर्घटना के शिकार होते जा रहे है रात और शाम के समय मैनपुर नगर सहित नेशनल हाईवे में जगह जगह मवेशियों का जमघट लगा रहता है और यह दुर्घटना का कारण बनता जा रहा है ग्रामीण अंचल में आज हालात यह है कि गौठान सुनसान पड़े हैं और पशु पालक अपने मवेशियों को खुले में चरने के लिए छोड़ रहे है, क्षेत्र में कई स्थानों पर लाखों रूपये फुंककर गौठान बनाए गए है लेकिन सरकार बदलने के बाद इन गौठानों का अब कोई उपयोग नहीं हो रहा है, जिसके कारण मवेशी नेशनल हाईवे मार्ग गांव के गलियों, खेल खलियान में घुम रहे है नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर नगर में व गौरघाट, धवलपुर, ▸▸|शेष पेज 10 पर

## झरियाबाहरा के पास सड़क में 24 घंटे मवेशियों का रहता है झुंड



### नगर एवं सड़क में शाम होते ही मवेशियों का कब्जा

मैनपुर नगर और खासकर धवलपुर, झरियाबाहरा नवागढ़ नेशनल हाईवे 130 सी के ऊपर शाम होते ही मवेशियों का कब्जा हो जाता है, वाहन चालक बेहद परेशान हो जाते है मवेशी सड़क से उठने का नाम नहीं लेता कई बार दोपहिया चालकों को मवेशियों के चक्कर मे जान तक गवानी पड़ी है मगर न तो पशु पालक ध्यान दे रहे है न ही प्रशासन को कोई परवाह है। नगर में खुले में विचरण कर रहे है मवेशियों के चलते सब्जी विक्रेता दुकानदार भी परेशान है, मवेशियों की चराई भी बंद हो गई है, जिसके कारण अभी धान कटाई में किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और तो और बड़े वाहन चालक पूरे मार्ग पर मवेशियों को सड़क में उतरकर खदड़ने मजबूर हो रहे है तब जाकर वाहन आगे बढ़ रही है।

## धान खरीदी : किसानों की शिकायत पर एसडीएम के हस्तक्षेप के बाद दोबारा शुरू हुई प्रक्रिया

# धान खरीदी केंद्र रोहिना में नमी मापी मशीन पर विवाद, घंटेभर रुकी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी है, लेकिन इसी बीच गड़बड़ी की शिकायतें भी सामने आने लगी हैं। सहकारी समिति मर्यादित कौंदकेरा के अंतर्गत उपार्जन केंद्र रोहिना में नमी मापने वाली आर्द्रता मापक मशीन खराब होने का आरोप किसानों ने लगाया है। मशीन की गड़बड़ी को लेकर किसानों और उपार्जन केंद्र के कर्मचारियों के बीच लंबे समय तक विवाद चलता रहा, जिससे खरीदी प्रक्रिया ठप हो गई।

किसान द्वारा लाए गए धान की नमी रोहिना केंद्र की मशीन में 18 प्रतिशत बताई गई, जबकि पास के उपार्जन केंद्र कौंदकेरा की मशीन में उसी धान की नमी 13 प्रतिशत मापी गई। नमी के इस बड़े अंतर ने किसानों में आक्रोश बढ़ा दिया। विवाद बढ़ने पर किसानों ने स्थिति की जानकारी राजिम उपखण्ड अधिकारी विशाल महाराणा को दी, जिसके बाद राजस्व अधिकारी मौके पर पहुंचे और खरीदी प्रक्रिया पुनः शुरू कराई। इस दौरान कौंदकेरा सहकारी समिति के अध्यक्ष बाबूलाल साहू ने भी ▸▸|शेष पेज 10 पर



### किसानों की स्थिति दयनीय

पूर्व सरपंच होमनलाल साहू और किसानों ने कहा कि पहले यूरिया खाद को लेकर किसान परेशान रहे और अब धान खरीदी में गलत आर्द्रता मापने वाली मशीन की वजह से उन्हें ट्रैक्टर लोडिंग, भाड़ा और दोबारा आने-जाने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिससे किसानों की स्थिति दयनीय हो गई है। इस मामले में खाद्य अधिकारी अरविंद दुबे ने कहा कि यदि मशीन में गड़बड़ी है तो इसकी जिम्मेदारी नोडल अधिकारी की होगी और सूचना मिलते ही मशीन बदल दी जाएगी।




### दोहरी लागत और परेशानी : किसान

धान खरीदी में गड़बड़ी के बीच किसानों ने कहा कि पहले यूरिया खाद के लिए लाइनें लगानी पड़ीं, अब गलत आर्द्रता मापने वाली मशीन से बार-बार धान लौटाया जा रहा है। ट्रैक्टर की लोडिंग, भाड़ा, श्रमिक और आने-जाने में दुगुना खर्च हो रहा है। किसानों का कहना है कि धान सुखाने, टोकन बदलने और दोबारा लाने में समय, मेहनत और पैसा-सबकी मार पड़ रही है, जिससे उनकी स्थिति बेहद दयनीय हो गई है।

# उत्कृष्ट बीएलओ का सम्मान, सुस्तों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यों में जिले में दो विपरीत स्थितियाँ सामने आई हैं। एक ओर मतदाता सूची के शुद्धिकरण, गणना पत्र उपलब्ध कराने और डिजिटाइजेशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ की प्रशंसा और सम्मान हुआ, वहीं दूसरी ओर इसी प्रक्रिया में सुस्ती और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कलेक्टर ने सख्ती दिखाते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 में हो रही लापरवाही की खबर हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने गैर जिम्मेदारी पर कार्यवाही करते हुए कारण बताओ नोटिस थमाया है।

कलेक्ट्रेट कक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी भगवान सिंह उइके ने प्राथमिक शाला भवन, टेका (ब), भाग क्रमांक 198, विधानसभा क्षेत्र राजिम के बीएलओ कन्हैया लाल साहू को गुलदस्ता और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर ने कहा कि अद्यतन और शुद्ध मतदाता सूची लोकतंत्र की नींव है और इस जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाने वाले कर्मचारी वास्तव में प्रशंसा के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में ऐसे कर्मियों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी।इसी के साथ जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान कई मतदान केंद्रों पर इन्युमिरेशन फार्मों के डिजिटाइजेशन में धीमी प्रगति सामने आई। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए कलेक्टर बी.एस. उइके ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि निर्वाचन कार्य अत्यंत प्राथमिकता का विषय है, इसके बावजूद बार-बार निर्देश देने के बाद भी कार्य में सुधार न होना कर्तव्यहीनता और उदासीनता को दर्शाता है। नोटिस में तीन दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

# रसेला में कड़ाके की ठंड से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

अंचल में पिछले कुछ दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड का असर फिलहाल कम होने लगा है। हवा की दिशा बदलने और आसमान में हल्के बादल छाने के कारण मौसम में गर्माहट लौट आई है। शुष्क हवा का प्रभाव थमने के बाद सोमवार को रात का तापमान बढ़कर 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से अधिक है। दिन में बादलों के बीच हल्की धूप निकलने से उमस जैसा अहसास रहा। मौसम में आए इस अचानक बदलाव का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखाई देने लगा है। बढ़ते तापमान और हल्की नमी के कारण खांसी-जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। चिकित्सकों का कहना है कि मौसम में उतार-चढ़ाव लोगों की प्रतिरोधक क्षमता को प्रभावित करता है, जिससे मौसमी बीमारियां तेजी से फैलती हैं। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर भारत से आने वाली सर्द हवाओं का असर कमजोर पड़ गया है। साथ ही स्थानीय स्तर पर हल्के बादल बनने से रात का तापमान तेजी से बढ़ा है। दिन में जहां हल्की धूप सदी से राहत देती है, वहीं सुबह-शाम हल्की ठंड का दौर अभी भी जारी है। विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा मौसम कुछ दिनों तक ऐसा ही बना रह सकता है।

- मौसम में अचानक गर्माहट, खांसी-जुकाम के मरीज बढ़े

**बीमारियों से बचने के लिए सावधानी बरतने की सलाह-** इस वायुदाब प्रणाली के कारण रसेला सहित क्षेत्र में रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। कड़ाके की ठंड से राहत जरूर मिली है, पर मौसम में लगातार होने वाले उतार-चढ़ाव ने लोगों के लिए नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि बदलते मौसम में बचाव उपाय अपनाए जाएं, ताकि बीमारी का खतरा कम हो सके।

### दो-तीन दिन छाए रहेंगे बादल

मल्लका जलडमरू मध्य और दक्षिण अंडमान सागर क्षेत्र में एक निम्न वायुदाब क्षेत्र सक्रिय है। यह तंत्र उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ रहा है और संभवना है कि 25 नवंबर तक यह पूर्वी बंगाल की खाड़ी में पहुंचकर अवदाब में तब्दील हो जाएगा। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार 26 नवंबर के आसपास यह प्रणाली दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में भारतीय भू-भाग के पास पहुंचेगी, जिसका असर आसपास के राज्यों के मौसम पर भी पड़ेगा।



# पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21 वीं किस्त जारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद



प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के अंतर्गत किसानों के खातों में 18,000 करोड़ रुपये का हस्तांतरण किए जाने के उपलक्ष्य में कृषि विज्ञान केंद्र, गरियाबंद में 19 नवम्बर को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोयम्बटूर, तमिलनाडु में आयोजित दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती सम्मेलन के शुभारंभ के साथ किसान सम्मान निधि हस्तांतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया, जिसमें देशभर के 9 करोड़ किसानों को 2,000 रुपये की राशि उनके बैंक खातों में भेजी गई। जिले में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत गरियाबंद की उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर रहीं। इस अवसर पर वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मनीष चौरसिया ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की यह किस्त रबी फसल की तैयारी में किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सहयोग साबित होगी। मुख्य अतिथि श्रीमती ठाकुर ने योजना को रेखांकित करते हुए कहा कि यह योजना किसानों के आर्थिक सहायता हेतु एक नींव का पत्थर साबित हो रही है व कृषको को रबी सीजन में धान के बदले दलहन व तिलहन फसल लगाने के लिए प्रेरित करें। जिससे फसल चक्रण को बढ़ावा मिले एवं जलसंरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो। किसानों के ▸▸|शेष पेज 10 पर

## 21 पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच गंगा पूजा

# विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ, 72 सुहागिनों की निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवापारा-राजिम

श्री राधाकृष्ण मंदिर में मनाए जा रहे शताब्दी महोत्सव में सोमवार को यज्ञ शाला के ऊपर धर्म ध्वजा फहराई गई, इसके साथ ही विशाल विष्णु महायज्ञ का आगाज हो गया। त्रिवेणी संगम से 72 सुहागिन महिलाएं लाल और पीले परिधान में कलश में जल भरकर आई। कलश में जल भरने के पहले महानदी के घाट पर 21 पंडितो के मंत्रोच्चारण के बीच गंगा पूजन की गई। यह मंगल कलश यात्रा गाजे-बाजे के साथ जयकारे लगाते चल रहे थे जो आकर्षण का केंद्र बन गया था। इस कलश यात्रा में हर जाति धर्म के लोग शामिल थे। यज्ञ स्थल पहुंचने के बाद परिक्रमा की गई। पूजा में यजमान के रूप में नयन-निधि अग्रवाल, प्रतीक-पूजा अग्रवाल




बैठे। विष्णु महायज्ञ में हजारों आहुतियां शुद्ध घी के साथ डाली जावेगी जो चारो ओर वायुमंडल में एक अदभुत आत्मिक शांति और सुकून प्रदान करने वाली रहेगी। खास बात यह है कि मंदिर ट्रस्ट के सर्वराकार मोहन, गोपाल , गिरधारी अग्रवाल ने अपने नाम के अनुरूप अपने वंशजो के नाम के अनुरूप इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया है जो स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।


### 28 से यज्ञ के साथ बड़े धार्मिक आयोजन होंगे

जानकारी के मुताबिक यह विशाल विष्णु महायज्ञ प्रतिदिन सुबह 7:30 से दोपहर 1:30 तक 30 नवम्बर तक चलेगा। इसके अलावा 28 नवम्बर से यज्ञ के साथ बड़े धार्मिक आयोजन होंगे जो उज्जैन, वृंदावन, दिल्ली का होगा। मंदिर परिसर की खुबसूरती झंडे, बेनर, फ्लेक्स, झालर लाइट,तोरण,केले के द्वार से सजा हुआ है जो देखते ही बन रहा है।



# खुले में विचरण करते दिखे सांभर और हिरणों के झुंड





हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व की पारिस्थितिकी में अब सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगे हैं। वन विभाग की लगातार मेहनत और सख्ती के कारण अवैध कटाई और अतिक्रमण पर रोक लगने के बाद, अब वन्यप्राणी खुले और सुरक्षित वातावरण में विचरण करते आसानी से दिखाई दे रहे हैं। यह सुखद बदलाव हाल ही में वनकर्मियों द्वारा कैमरे में कैद किया गया। वनकर्मी वीरेंद्र ध्रुव ने अभ्यारण्य के भीतर नदी किनारे पानी पीते और खुले में विचरण करते सांभर और हिरणों के झुंड की मनमोहक तस्वीरें अपने कैमरे में कैद की हैं, जिन्हें उन्होंने प्रकाशन के लिए साझा किया है। इन तस्वीरों से स्पष्ट होता है कि वन्यजीवों के आवासों की सुरक्षा और संरक्षण के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है, जिससे टाइगर रिजर्व की जैव विविधता मजबूत हो रही है।

## खबर संक्षेप

### एसआईआर के लिए भाजपा ने बनाई समिति

**महासमुंद**। मतदाता गहन पुनरीक्षण एसआईआर के लिए भारतीय जनता पार्टी महासमुंद विधानसभा में समिति का गठन किया गया। जानकारी देते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं भाजपा महासमुंद विधानसभा के बीएलए 1 देवीचंद राठी ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू द्वारा टीम की संरचना की गई है। समिति में स्वयं विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के अलावा 3 सदस्य देवीचंद राठी, लक्ष्मीकांत तिवारी बेलसोंडा, शम्मी सलूजा झलप होंगे। इसके अलावा महासमुंद विधानसभा के पांच मंडल में ग्रामीण मंडल पवन पटेल पूर्व नपाध्यक्ष, तुमगांव मंडल राकेश चंद्राकर प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा, पटेवा सिरपुर मंडल मोती साहू वरिष्ठ भाजपा नेता, झलप मंडल धरम पटेल भाजपा नेता, शहर मंडल में देवीचंद राठी प्रभारी होंगे। विधानसभा में लक्ष्मीकांत तिवारी को सहप्रभारी बनाया गया। इसके अलावा पांचों मंडल के अध्यक्ष क्रमशः महेंद्र सिका, दिग्विजय साहू, तेजेंद्र शर्मा, डिगेश्वरी चंद्राकर, चंद्रहास चंद्राकर (गोलू) तथा मंडलों के महामंत्री भी समिति में होंगे।

## शिक्षा : बिजली स्कूल के शिक्षकों ने परीक्षा की तैयारी को लेकर दिए टिप्स

# परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए पढ़ने के साथ ही अच्छी लिखावट जरूरी : पूरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 12वीं एवं 10वीं बोर्ड की परीक्षा आगामी 20 फ़रवरी से प्रारंभ होने जा रहा है जिसको लेकर विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए साल भर केवल पढ़ना ही पर्याप्त नहीं होता है बल्कि उत्तर लिखने का सही तरीका भी महत्वपूर्ण होता है।

अगर आपको परीक्षा में पास होना है तो आपको बेहतर पढ़ाई के साथ-साथ उत्तर पुस्तिका में लिखने का सही तरीका भी आना चाहिए। परीक्षक के सामने आपके व्यक्तित्व का प्रतिनिधित्व आपके परीक्षा की कॉपी करती है।यदि हमारे उत्तर लिखने का तरीका सही है तो हमें अच्छे अंक मिलते हैं। परंतु सही तरीके से उत्तर ना लिखे हो तो परीक्षा के अनुरूप अंक नहलृ मिलते। महात्मा गांधी ने कहा था कि सुंदर लिखावट हाथ का आभूषण है। इन्ही बातों को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने विद्यार्थियों को अच्छे उत्तर लिखने के तरीके बताएं। उन्होंने विद्याणथयों को बताया कि परीक्षा कक्षा में पूरे आत्मविश्वास के साथ जाएं और सबसे पहले काम प्रश्न पत्र हाथ में आते ही सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें, जिस प्रश्न का जवाब अच्छे से आता है। उस प्रश्न को सबसे पहले हल करें। चाहे वह प्रश्न पत्र में किसी भी क्रम में दिया गया हो।उत्तर देते समय प्रश्न क्रमांक को उत्तर पुस्तिका के मध्य में स्पष्ट रूप से लिखकर काले पेन से अंडरलाइन करें।एक प्रश्न का जवाब देने के बाद दूसरे प्रश्न का उत्तर दो या तीन लाइन खाली छोड़ने के बाद लिखें। किसी प्रश्न को हल करने के बाद उस पृष्ठ में तीन–चार लाइन ही बचे हो तो अगले प्रश्न उत्तर नए पृष्ठ से लिखे। आवश्यतानुसार पेंसिल से नामांकित चित्र बनाकर उत्तर लिखे। शब्द सीमा को ध्यान रखते हुए उत्तर दे। उत्तर पुस्तिका में बांयी ओर माणजन छोड़कर लिखे। दो प्रश्नों में से किसी एक को हल करने का विकल्प हो तो वही प्रश्न हल करें जिसका जवाब अच्छी तरह से आता हो।

### जरूरत अनुसार उत्तर दे



सभी प्रश्नों के जवाब जरूर दें किसी भी प्रश्न को ना छोड़े। उन्होंने आगे कहा कि यदि लिखते समय कोई गलती हो जाए तो उसमें एक सीधी कट खलृच दे। ज्यादा काट पिट न करें। जरूरत के अनुसार हेडिंग उत्तर दे। गणित के प्रश्नों को हल करते समय सभी छोटे से छोटे स्टेप को लिखे। परीक्षा में उत्तर देते समय निर्धारित समय सीमा का ध्यान रखें। पेपर पूरा हल करने के बाद अंत में उत्तर पुस्तिका में से फिर एक बार चेक कर ले की सभी प्रश्नों का उत्तर लिखा है कि नहीं। इसके साथ ही प्रश्न क्रमांक भी सही लिखा गया है कि नहीं जांच ले। संस्कृत में हलन्त एवं विसर्ग चिन्ह पर विशेष ध्यान देंवे यदि परीक्षा में उत्तर लेखन के दौरान इन बातों को ध्यान रखा जाए तो सभी विषयों में अच्छे अंक प्राप्त किया जा सकते हैं। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, गीतांजलि नेताम, नकुल राम साहू, रुद्रप्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अभनपुर में पूर्व सीएम बघेल का भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के धमतरी प्रवास के दौरान सोमवार को अभनपुर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। यह स्वागत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अभनपुर के महामंत्री फतीश साहू के नेतृत्व में सिंगल चौक, अभनपुर में किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। स्वागत उपरांत, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री फतीश साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में किसानों को धान खरीदी के संबंध में आ रही परेशानियों से अवगत कराया। उन्होंने निम्नलिखित अव्यवस्थाओं और कठिनाइयों पर ध्यान आकर्षित किया और शीघ्र समाधान की मांग रखी। किसानों को टोकन वितरण में हो रही देरी। नाप-तौल में आ रही समस्याएं। धान खरीदी केंद्रों पर व्याप्त अव्यवस्था। इस अवसर पर स्वागत करने वाले और अपनी बात रखने वाले सैकड़ों कार्यकर्ताओं में प्रमुख रूप से टिकेंद्र बघेल, पन्ना लाल नवरंगे, जयवर्धन बघेल, भरत देवांगन, राकेश बघेल, लोकेश साहू, डॉ. ओमप्रकाश साहू, डोमेंद्र साहू, वीरेंद्र सिन्हा, भरत साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जो हारता है, अंत में वहीं खिलाड़ी जीतता है : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय में खेलो इंडिया महिला अस्मिता एथलेटिक्स लिंग 2025 में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक रोहित साहू ने कहा कि खिलाड़ियों को खिलाड़ी भावना से खेलना चाहिए। जीत पर अहंकार न करे और हारने पर निराश न हो। विधायक श्री साहू ने कहा कि जो हारता है वही जीतता है, इसलिए किसी भी खेल में जीतने के लिए जुनून का होना बहुत जरूरी है। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत लाल मटियारा ने कहा कि खेल खेलने से शारीरिक और मानसिक विकास होता है, इसलिए हर विद्यार्थियों को खेल अनिवार्य रूप से खेलना चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में मातृशक्तियों का बहुत बड़ा योगदान है। अस्मिता खेलो इंडिया में बालिकाएं खूब बढ़कर हिस्सा लिए हैं, वे सभी बधाई के पात्र हैं। कहा कि हमेशा मन में जीत की भाव होना चाहिए, जीत की भाव होने से सफलता निश्चित ही मिलती है। इस अवसर पर विधायक रोहित साहू ने कॉलेज खेल ग्राउंड को और अधिक सशक्त तथा अच्छा बनाए जाने की बात कही। इसके साथ ही खेल में प्रथम, द्वितीय और तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संचालन सोमनाथ पटेल ने किया। आभार पूरन यादव ने की। कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, प्राचार्य डॉ. सविता मिश्रा, एथलेटिक संघ के अध्यक्ष शरद पारकर, कन्या शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवकी साहू, मधु नत्थानी, संजीव साहू, भारत सिन्हा, पार्षद आकाश राजपूत, रमेश पटेल, हरिश्चंद्र निषाद, कैलाश साहू, राजेश धीवर, किशोर पटेल, मदन निषाद, धरम वर्मा, चित्रलेखा नागेश, प्रेम नागेश, संजीव साहू, लुकेश्वरी पारकर, सीमा यादव, राघवेंद्र ध्रुव, त्रिलोक पारकर , बुध लाल नेगी, गोप साहू, गंगा साहू, अमित साहू, योगेश्वरी देवांगन सहित सैकड़ों खिलाड़ीं मुख्य रूप से उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि 14 वर्ष से कम में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद ,ऊंची कूद, गोला फेंक, किट्स भाला फेंक तथा 16 वर्ष से कम में 60 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, तवा फेंक, गोला फेक ,भाला फेंक में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।



■ विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

## पेज 9 के शेष...

### मैनपुर-देवभोग एनएच...

नवागढ़ तथा झरियाबाहरा के पास सड़क में 24 घंटे मवेशियो का झुंड देखा जा सकता है रात को यह मवेशी सड़क मे बैठा रहता है जिससे भारी वाहनों व वाहन चालकों के साथ हमेशा दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है कई बार दुर्घटना भी घट चुकी है। **खुले में घुम रहे मवेशियों को सुरक्षित जीवन देने के लिए कोई योजना नहीं**– कई मवेशी मालिको द्वारा अपने मवेशियों को घर में सुरक्षित नहीं रखते और छोड़ देते है ऐसे पालतु मवेशी आए दिनों सड़क दुघटना के शिकार हो रहे है। मवेशियों को सुरक्षित रखने अब तक कोई योजना दिखाई नहीं दे रहा है और तो और सड़क सुरक्षा के नाम पर कभी -कभी मवेशियों को सड़क से खदेड़ा जाता है। ग्राम पंचायतों में कांजी हाउस कागजों में संचालित हो रहा हैं जबकि मवेशियों के लिए भोजन, पानी, चारा की व्यवस्था किया जाना चाहिए।

### धान खरीदी केंद्र...

निरीक्षण किया और मशीन में गड़बड़ी की पुष्टि की। सेंहराडीह के किसान जीवराखन साहू, चुनूराम यादव और टेका के तलेश्वर साहू धान लेकर उपार्जन केंद्र पहुंचे थे, लेकिन नमी अधिक आने का हवाला देकर उन्हें वापस लौटा दिया गया। किसान चार दिन तक धान सुखाकर संशोधित टोकन लेकर दोबारा केंद्र पहुंचे, लेकिन इस बार मशीन ने नमी 13 प्रतिशत से भी कम बताई, जिसे कर्मचारियों ने अत्यधिक सूखा बताकर खरीदी रोकने का प्रयास किया। किसानों के दबाव के बाद अंततः धान खरीदी की गई। इस दौरान सरपंच रूपेश साहू, प्रभारी प्रबंधक बलदेव साहू तथा बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### पीएम किसान...

आर्थिक संबल का आधार बताते हुए कृषकों से धान के स्थान पर दलहन एवं तिलहन जैसी वैकल्पिक फसलों को अपनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि फसल चक्र परिवर्तन से जल संरक्षण में मदद मिलेगी और किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी। कार्यक्रम में कृषि विभाग के उप संचालक श्री चन्दन रॉय ने कृषकों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों श्री तुषार मिश्रा, श्री मनीष कुमार आर्या, डॉ. शालू अब्राहम एवं श्री प्रवीण कुमार जामरे ने क्रमशः फसलों की उन्नत प्रजातियों, कीट एवं रोग नियंत्रण, मिट्टी पोषण प्रबंधन, प्राकृतिक खेती के अवयवों की तैयारी तथा रबी फसल हेतु उन्नत कृषि यंत्रों की उपयोगिता पर तकनीकी जानकारी दी। जीवामृत, घनजीवामृत निर्माण एवं पैरा प्रबंधन का सजीव प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में लोक आस्था संस्थान गरियाबंद की लता नेताम सहित छुरा ब्लाक के कृषको सहित आसरा, बोडराबंधा, पोंड, जेंजरा, एवं कोकड़ी व अन्य ग्रामों के लगभग 350 कृषक सम्मिलित हुए।

### -=: शपथ-पत्र :=-

मैं रामेश्वर वर्मा उम्र 36 वर्ष पिता बिसन लाल वर्मा, जाति- कुर्मी, निवासी ग्राम पो.- सुरसाबांधा, थाना+ तहसील-राजिम, वि.खं.- फिंगेश्वर, जिला-गरियाबंद (छ.ग.) पिनकोड-493885 शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं :-

(1) यह कि, मेरा नाम, पता उपरोक्तानुसार है जो सत्य व सही है।

(2) यह कि, मेरा आधार नं.- 5513 6195 5471 है। आधार कार्ड में मेरा नाम रामेश्वर वर्मा (**Rameshvar Verma**) मेरे पिता का नाम बिसन वर्मा (**Bisan Verma**) लिखा हुआ है।

3. यह कि, मेरा पैन कार्ड क्रमांक - AXCPV5539N है। पैन कार्ड में मेरा नाम रामेश्वर वर्मा (**RAMESHWAR VERMA**) मेरे पिता का नाम बिसन लाल वर्मा (**BISAN LAL VERMA**) लिखा हुआ है।

4. यह कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण-पत्र कक्षा 10वीं एवं 12वीं के अंकसूची में मेरा नाम **RAMESHVAR** मेरे पिता का नाम **BISAN LAL** लिखा हुआ है।

(5) यह कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण-पत्र स्नातक के अंकसूची में मेरा नाम **RAMESHVAR VERMA** मेरे पिता का नाम **BISAN LAL VERMA** लिखा हुआ है।

(6) यह कि, उपरोक्त लिखे सभी नाम मेरा नाम एवं मेरे पिता का नाम है। मेरा वास्तविक नाम रामेश्वर वर्मा **RAMESHVAR VERMA** मेरे पिता का वास्तविक नाम बिसन लाल वर्मा **BISAN LAL VERMA** है।

(7) यह कि, मैं अपने समस्त दस्तावेजों में अपना नाम रामेश्वर वर्मा **RAMESHVAR VERMA** अपने पिता का नाम बिसन लाल वर्मा **BISAN LAL VERMA** कराना चाहता हूं एवं यही नाम मैं अपने विभागीय दस्तावेज, आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण-पत्र, बैंक आदि दस्तावेज एवं शासकीय अभिलेखों में दर्ज कराना चाहता हूं, जिसके लिए राजपत्र में प्रकाशन कराना आवश्यक है। राजपत्र में प्रकाशन किये जाने हेतु यह शपथ-पत्र आपके समक्ष सादर प्रस्तुत है।

दिनांक :-12/11/2025 **शपथकर्ता**



**खबर संक्षेप**



## राष्ट्रीय प्रदर्शनी के लिए अभनपुर स्कूल का मॉडल चयनित, राज्य स्तर पर तीसरा स्थान

**अभनपुर।** जशपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम भारत विज्ञान मेला में विकासखंड अभनपुर के श्री बजरंग दास शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के छात्र केशव विश्वकर्मा एवं विनोद धीवर द्वारा तैयार किया गया वैज्ञानिक मॉडल अब राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी हेतु चयनित हो गया है। छात्रों ने 'विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत' विषय के अंतर्गत उप-विषय 'दिव्यांग मॉडल हरित ऊर्जा' पर आधारित एक मॉडल तैयार किया था। इस प्रेरणादायक मॉडल ने राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। प्रदर्शनी में नौ ज़ोनों से विभिन्न जिलों के छात्रों ने भाग लिया, जहां इन प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस सफल मॉडल निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण में छात्रों को विद्यालय की व्याख्याता शशि किरण साहू द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया गया। छात्रों की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू, स्त्रोत समन्वयक राकेश साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष भारती शिंदे, प्राचार्य ईला सेंगर, सहित विद्यालय परिवार के शिक्षकगण गुणीत साहू, सुलेखा गोस्वामी, निर्मित चौरसिया ने छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**निरीक्षण : रायपुर संभाग आयुक्त कावरे ने एसआईआर कार्यों का किया निरीक्षण**

# आयुक्त कावरे ने मतदाता सूची अद्यतन एवं सही प्रविष्टियों के लिए दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने सोमवार को कलेक्टर बीएस उईके की मौजूदगी में जिले के राजिम एवं बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत राजिम तहसील कार्यालय, कोपरा एवं कोमा मतदान केंद्रों तथा बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारूका, तहसील गरियाबंद एवं नगर पालिका गरियाबंद के मतदान केंद्रों में मतदाता सूची अद्यतन एवं डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति की समीक्षा की। आयुक्त श्री कावरे ने संबंधित बीएलओ एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसआईआर अंतर्गत गणना पत्रक में सही एवं पूर्ण जानकारी दर्ज करें तथा निर्धारित समयसीमा में कार्यों को पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि वास्तविक मतदाताओं का नाम जोड़ने, त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों के सुधार एवं छूटे हुए पात्र मतदाताओं को शामिल करने के लिए ग्रामीणों से समुचित संपर्क एवं संवाद स्थापित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता आगामी निर्वाचन प्रक्रिया के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए प्रत्येक प्रविष्टि की सटीकता सुनिश्चित की जाए।



**कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरते**

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को दैनिक लक्ष्य निर्धारित कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा कहा कि मतदाता सूची अद्यतन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर एसडीएम राजिम श्री विशाल महाराणा, गरियाबंद तहसीलदार श्री चितेश देवांगन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रिंटिंग प्रेस व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन ने किया भ्रमण




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रिंटिंग प्रेस व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन के लोग भ्रमण के दौरान नरहरा जलप्रपात का आनंद लिया। जिसमें संरक्षक डीके साहू, अध्यक्ष टुकेश सिन्हा, त्रिलोक साहू, महितोष शर्मा, दीपक साहू, सोमू, धनेश्वर साहू, सुशील सिंघई, चन्द्रहास पटेल, पुरुषोत्तम, दयालु राम, जयंत साहू, धर्मेंद्र पटेल, देवेंद्र साहू, शेखर साहू ,जित्तू कम्प्यूटर ,हरिओम च्वॉइस सेंटर, सुरेश तारक, प्रदीप वर्मा, निक्कू आर्ट्स, राम कम्प्यूटर, संजय आर्ट्स, अनिल, टिकेंद्र साहू, सुदामा, वीपी, रोशन साहू, राजू कंसारी, दिलीप निषाद, भरतपुत्र, प्रेम साधवानी, कृष्णा, भुवनेश्वर साहू, हर्षिता, चिलमन साहू शामिल थे।

## प्राचार्य बने रामनारायण को शाला परिवार ने सम्मानित कर दी विदाई



**राजिम।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैंसातरा के प्रधानपाठक रामनारायण मिश्रा के प्राचार्य पद पर पदोन्नति किये जाने पर शाला परिवार ने शॉल श्री फल एवं गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया तथा उन्हें विदाई दी गई।

## शिक्षक सुमन प्रधान की मौत, सिर में लगी चोट से मौत की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर ब्लॉक के कांडसर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ एकल शिक्षक सुमन प्रधान की बीती रात अचानक मौत हो गई। उनकी मौत का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है, लेकिन प्रारंभिक चिकित्सा जांच में यह आशंका व्यक्त की गई है कि हाल ही में हुए एक्सीडेंट में सिर में आई चोट इसके पीछे मुख्य वजह हो सकती है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले सुमन प्रधान का एक्सीडेंट हुआ था जिसमें उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई थीं। परिजनों और सहकर्मियों के मुताबिक, वे जल्द ही राजधानी रायपुर जाकर उपचार करवाने वाले थे लेकिन बीती रात अचानक उनकी तबीयत गंभीर रूप से बिगड़ गई। परिजन उन्हें तुरंत देवभोग के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आज सुबह देवभोग स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम किया गया। प्राथमिक जांच में डॉक्टरों ने बताया कि सिर के अंदर पुराना रक्त जमा हुआ था, जो संभवतः एक्सीडेंट के बाद ब्रेन में ब्लीडिंग से संबंधित हो सकता है। यही कारण आगे चलकर उनकी मौत का कारण बना हो हालांकि यह केवल प्राथमिक अनुमान है और अंतिम निष्कर्ष पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आएगा।



## रामकृष्ण मिशन द्वारा वनांचल ग्रामों में कंबल और धोती का वितरण, सैकड़ों परिवारों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

सर्दी की शुरुआत के साथ ही रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम, रायपुर द्वारा दूरस्थ एवं वनांचल ग्रामों मुढ़ीपानी के कमार पारा, डेगसोरी पारा, कनफाड़, मड़वापथरा, दर्रीपारा, भीरालाट, पंडरीपानी, हर्राभत्का में कंबल व धोती वितरण किया गया। आश्रम के सेवा कार्यक्रम से इन क्षेत्रों के सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिला।



कार्यक्रम का नेतृत्व आश्रम से पधारे स्वामी प्रपत्यानंद जी ने किया। सेवा कार्य में विशेष सहयोग प्रो. बी.एल. सोनेकर (पं. रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय, रायपुर), डॉ. कपिल चंद्रा, डॉ. विनित कुमार साहू (शासकीय महाविद्यालय छुरा), श्री धर्मेंद्र ठाकुर (प्राचार्य, दर्रीपारा विद्यालय), शीतल ध्रुव, ललित, रोहन बंजारे, प्रदीप धृतलहरे, वेदप्रकाश, पुरण और मुकेश ने किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में ऐसी संस्थाओं की पहुँच कम रहती है, इसलिए आश्रम द्वारा दिया गया सहयोग उनके लिए अत्यंत उपयोगी है। आश्रम के प्रतिनिधियों ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के संदेश "गरीबों की सेवा ही ईश्वर की सेवा है" को ध्यान में रखते हुए इस तरह के जनसेवा कार्य आगे भी जारी रहेंगे।




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

## खबर संक्षेप



### जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता

**मैनपुर।** राजिम के पूर्व विधायक संतोश उपाध्याय एंव भाजपा गरियाबंद जिलाअध्यक्ष अनिल चन्द्राकर सोमवार को मैनपुर पहुंचे। इस दौरान लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीयता से स्वागत किया। इस दौरान क्षेत्रभर से पहुचे भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया और उन्हे केन्द्र तथा राज्य के विष्णुदेव सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील किया। साथ ही कहा कि भाजपा सरकार द्वारा सभी वर्गों के विकास के लिए अनेक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, इन योजनाओं का लाभ सभी को मिले। भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार की जनकल्याणकारियों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए कार्य करें। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर ने मैनपुर मंड़ल में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य करने की बात कहते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बिजली बील हाप योजना की जो घोषणा किया गया है उससे 45 लाख से ज्यादा परिवार लाभावित होंगे। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेशवासियों को एक बड़ी राहत दी है नई योजना के लागू होने पर अब 200 युनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को सीधे आधा बिजली बील देना होना। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा मंड़ल अध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, रामदास वैष्णव, महामंत्री दिनेश सचदेव, घनश्याम मरकाम, जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल, नंदनी नेताम, डाकेश्वर नेगी, हेमंत साहू एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बिन्द्रावन में मितानिनों का किया गया सम्मान

**नर्रा।** ग्राम पंचायत भवन बिंद्रावन में 23 नवंबर को सरपंच गायत्री बाई ठाकुर की अध्यक्षता में मितानिन दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सभी मितानिनों का सम्मान श्रीफल से किया गया। इस दौरान मितानिन प्ररिक्षक अश्वनी देवांगन, मितानिन मंजू पटेल, ईश्वरी ठाकुर, गुनिता पांडे, राधिका टंडन, मुन्नी पांडे उपस्थित रहे।

### नक्टापार में कुराल पूजा महोत्सव आज

**नर्रा।** ग्राम नक्टापार में कुम्हार समाज द्वारा मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष कुराल पंचमी व चक्र पूजा महोत्सव 25 नवंबर मंगलवार को मनाया जाएगा। भगवान विष्णु की मूर्ति विराजित कर पुरोहित द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन होगा। इसके बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर रामायण कार्यक्रम होगा।

### राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 20 तक नामांकन आमंत्रित

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2025 के राज्य वीरता पुरस्कार के लिए साहसी बालक-बालिकाओं से नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार उन बच्चों को प्रदान किया जाएगा जिन्होंने किसी विशेष घटना में अदम्य साहस, शौर्य और बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए किसी व्यक्ति की जीवन रक्षा की हो या उसकी शारीरिक क्षति से बचाने के उद्देश्य से निःस्वार्थ कार्य किया हो। ऐसे कार्य अन्य बच्चों के लिए अनुकरणीय और प्रेरणादायी होने चाहिए।

### पूर्व सैनिक संगठन की बैठक हुई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में16 दिसंबर के दिन विजय दिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर पूर्व सैनिक संगठन की बैठक हुई। अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि 16 दिसंबर के दिन भारत देश में विजय दिवस मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1971 में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। इस जीत की वजह से बांग्लादेश को अपना खुद का वजूद मिला था। कोई दिनों तक चले रहे थे।

## कार्यक्रम : कोपरा स्कूल में विधायक ने छात्राओं को किया साइकिल वितरण

# पढ़ाई और खेल दोनों में बेटियों ने बढ़ाया मान, बेटों से आगे निकलीं बेटियां : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा/राजिम

स्थानीय हायर सेकंडरी स्कूल में सरस्वती सायकिल योजना के अंतर्गत सायकिल वितरण व आनंद मेला का आयोजन स्कूल प्रबंधन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने 32 छात्राओं को साइकिल वितरण कर छात्राओं को प्रतिदिन स्कूल आने व अच्छे पढ़ाई कर अपने माता-पिता के साथ क्षेत्र का नाम रोशन करने की कामना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज साइकिल वितरण के साथ स्कूल में पहली बार आनंद मेला का आयोजन किया गया है। जो काफी सराहनीय हैं। पूर्व की रमन सिंह की सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत भाजपा सरकार द्वारा सरस्वती सायकिल योजना संचालित कर गरीब छात्राओं को साइकिल वितरण प्रारंभ किया गया।

आज स्कूलों में बेटों से ज्यादा बेटियों की संख्या हैं। पढ़ाई के साथ- साथ विभिन्न खेलों में भी आज बेटों से ज्यादा बेटियों की भूमिका हैं। हमारी सरकार बेटियों के शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने मंच से छात्र-छात्राओं से भविष्य का सपना भी पूछे, जिस पर बच्चों द्वारा किसी आईएएस तो किसी ने बड़े पुलिस अफसर बनने की बात कही। मैंने भी गांव के साथ क्षेत्र के विकास का सपना देखा था। जो 2010 से सरपंच बनने से शुरू हुआ। आज मुझे विधायक बनकर क्षेत्र का विकास करने का मौका मिला हैं। जो बच्चे अपने भविष्य के लिए जो सपने देखे हैं, वह अपने सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करें। तभी आपका सपना साकार हो सकता हैं।





### स्कूल में प्रार्थना शेड के लिए 10 लाख की घोषणा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना देखा गया हैं। उसे आप सबके सहयोग से पूरा किया जा सकता हैं। स्कूल प्रबंधन व नगरवासियों के मांग पर विधायक द्वारा स्कूल में प्रार्थना शेड के लिए 10 लाख, सांस्कृतिक मंच के लिए 10 लाख, बस स्टैंड में सर्व समाज सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख की घोषणा किया गया। वहीं, नगर के पट्टा विहीन परिवार के लिए पट्टा वितरण जल्द करने पूरा करने की बात कही। वहीं, सायकिल वितरण के बाद स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा आनंद मेला में लगाए गए विभिन्न छत्तीसगढ़ी सहित व्यंजनों का लुत्फ कार्यक्रम उपस्थित लोगों द्वारा उठाया गया। प्राचार्य निरंजन तिवारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से छात्र-छात्राओं में विभिन्न व्यंजन बनाने के साथ बाजार में लेन देन की कौशल समझ बढ़ती हैं। इस दौरान बड़े संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय में सॉफ़्ट स्किल्स व लाइफ़ स्किल्स अवेयरनेस प्रोग्राम का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान संकाय द्वारा सॉफ़्ट स्किल्स और लाइफ स्किल्स अवेयरनेस प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को व्यक्तित्व विकास, संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता और पेशेवर जीवन में उपयोगी व्यवहारिक गुणों से परिचित कराना था। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण और सरस्वती पूजन के साथ हुई, जिसके बाद विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बीपी भोल एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता महोदय डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने विद्यार्थियों को जीवन और करियर से जुड़े प्रेरक विचारों से संबोधित किया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहे डॉ. जब्बार अहमद, जिन्होंने सॉफ्ट स्किल्स के महत्व पर विस्तृत और प्रभावशाली वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि केवल डिग्री या तकनीकी ज्ञान सफलता की गारंटी नहीं है, बल्कि वक्तृत्व कला, टीमवर्क, समय प्रबंधन, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और सकारात्मक दृष्टिकोण आज के प्रतिस्पर्धी दौर में आवश्यक हैं। उन्होंने उदाहरणों और संवादात्मक शैली में बताया कि विद्यार्थी यदि संवाद कौशल और आत्मविश्वास विकसित कर लें, तो वे किसी भी क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोल सकते हैं। इसके बाद श्री टेकेश्वर कौशिक ने लाइफ स्किल्स पर मार्गदर्शन दिया और प्रतिभागियों के लिए आलोचनात्मक सोच एवं रचनात्मकता पर आधारित गतिविधियां आयोजित कीं, जिनमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन फैकल्टी ऑफ लॉ की सुकृति पाठक द्वारा किया गया, वहीं धन्यवाद ज्ञापन नीलम घृतलहरे ने दिया। इस कार्यक्रम का आयोजन पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान की संकाय प्रमुख नीलम घृतलहरे ने किया। यह आयोजन छात्रों के व्यक्तित्व एवं भविष्य निर्माण की दिशा में एक प्रेरक एवं महत्वपूर्ण कदम रहा।

## धान के पौधों में पक्षियों का बसेरा...



**मैनपुर।** इन दिनों धान कटाई का कार्य चल रहा है और धान के बालियों में छोटे -छोटे पक्षियों के घोसले दिखाई दे रहे है। इस पक्षी को शुभ माना जाता है धान काटते समय यह घोषला दिखने पर उतने स्थान के धान को छोड दिया जाता है ताकि चिडिया अपने बच्चों के साथ सुरक्षित रह सके। इस तस्वीर को मैनपुरकला के युवा गगन नेगी ने अपने कैमरे में कैद किया है।

# केंद्रीय मंत्री गडकरी ने राजिम की टीचर के सीडबॉल संरचना की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

विज्ञान मेले के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनोखा और प्रेरणादायक पहल ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया, जब सीडबॉल महाअभियान की संयोजक राजिम स्कूल की व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर उन्हें सीडबॉल भेंट किए। मुलाकात के दौरान मंत्री श्री गडकरी ने सीडबॉल की संरचना, इसके निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्री और इसके पर्यावरणीय महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के शिक्षकों द्वारा किए जा रहे इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अभियान बच्चों को प्रकृति से जोड़ने और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाने का अत्यंत प्रभावी माध्यम है। ऐसे नवाचार देशभर में लागू किए जाने चाहिए, ताकि शिक्षा और पर्यावरण संरक्षण दोनों क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। विज्ञान मेले के प्रमुख एवं एसोसिएशन फॉर रिसर्च एंड ट्रेनिंग इन बेसिक साइंस एजुकेशन के सचिव सुरेश अग्रवाल और उनकी टीम ने एक लाख सीडबॉल महाअभियान को अत्यंत प्रेरणादायक और प्रभावशाली पर्यावरणीय प्रयास बताया। कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान शिक्षा और सामाजिक जागरूकता, तीनों को एक साथ जोड़ने का दुर्लभ अवसर प्रदान करता है। इससे बच्चों को शुरूआत से ही विज्ञान और पर्यावरण को एकीकृत रूप से समझने और अनुभव करने का अवसर मिलता है। कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों में जिज्ञासा, जिम्मेदारी और प्रकृति के प्रति लगाव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### एक लाख सीडबॉल महाअभियान



मिशन लाइफ इको क्लब प्रभारी समीक्षा गायकवाड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि सीडबॉल मिट्टी, गोबर और पौधों के बीजों को मिलाकर तैयार की जाती है, जिसे खाली जमीन, पहाड़ियों, जंगलों, स्कूल परिसर अथवा सड़क किनारों जैसी जगहों पर फेंक दिया जाता है। बारिश होने पर यह स्वाभाविक रूप से अंकुरित होकर पौधे का रूप ले लेती है और इसी प्रकार बिना किसी बड़े खर्च या श्रम के हरियाली को बढ़ाया जा सकता है। सीडबाल महाअभियान के संयोजक सागर शर्मा, डीआरजी ईको क्लब ने बताया कि एक लाख सीडबॉल महाअभियान अब एक बड़े जनआंदोलन का रूप ले रहा है। राजिम से शुरू से हुआ यह अभियान छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों और गाँवों से होते हुए अब राज्य की सीमाओं को पार कर अन्य राज्यों तक पहुंच चुका है। कहा कि बढ़ती जनभागीदारी और समाज के विभिन्न वर्गों का सहयोग इसे आने वाले समय में एक और भी व्यापक पर्यावरणीय आंदोलन के रूप में स्थापित कर सकता है। इस अवसर पर गरियाबंद टीम पूरन साहू प्राचार्य बिजली, व्याख्याता ईश्वर गिलहरे ने इस पहल को और अधिक प्रभावशाली बनाया।

# छुरा सर्व यादव समाज की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

गीता जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह को लेकर छुरा विकास खंड सर्व यादव समाज ने सोमवार को गायत्री मंदिर सभा हाल में बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपने अपने विचार व्यक्त किए। ज्ञात हो कि 2 दिसंबर 2025 दिन मंगलवार को यादव समाज भवन राजिम मेला मैदान में जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव एवं सम्मान समारोह का भव्य यादवी शंखनाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है,जिसमें यादव समाज के विभिन्न वर्ग, ठेठवार कन्नौजिया, भोरथिया, कोषरिया,झेरिया, मग़धा, देशहा,आदि यादव समाज प्रमुखों एवं प्रतिनिधि सदस्यों ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने विभिन्न वर्गों में बंटे समाज को एक ही यादव समाज बनाने की पहल की। एवं गीता जयंती महोत्सव की यादवी शंखनाद में अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति की अनिवार्यता पर जिले के सभी विकास खंडों के प्रत्येक गांव व परिवार से



- गीता जयंती महोत्सव और यादवी शंखनाद की तैयारी

समाज के महिला/ पुरुष को लेकर सम्मिलित होने पर चर्चा किए। बैठक में क्षेत्रीय यादव समाज के युवा सदस्यों व महिलाओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सहमति दिए। ज्ञात हो कि इस अवसर पर के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत जनप्रतिनिधियों सम्मान किया जाएगा , क्वांटीफाइबल डाटा में प्रदेश के दूसरे नंबर का समाज है उसे हिसाब से उसे संगठन और सत्ता दोनों में ही प्रतिनिधित्व नहीं मिल पा रहा है जिसे समाज के लोगों ने बैठकर चिंतन किया है और इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि इसके लिए सभी वर्ग एक साथ मिलकर अपनी जनसंख्या के आधार पर सत्ता और संगठन में हमें प्रतिनिधित्व मिले ,अभी लगातार सरकार द्वारा आयोग मंडल की घोषणा की, जिसमे प्रतिनिधित्व नहीं मिला है,साथ ही साथ संगठन की घोषणा हुई जिसमें उचित स्थान नहीं मिला है इन्हीं बातों को लेकर समाज आज 1 मंच पर उपस्थित होकर अपने विभिन्न मांगों समस्या को लेकर इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है, उन्होंने कहा आगामी समय में बैठकों का दौर पूरे जिलों में चलेगा उसके पश्चात एक जिला स्तरीय कार्यक्रम किया जाएगा इसमें आगे समाज को किस दिशा में ले जाना है यहां चर्चा किया जाएगा।

# सेंट जॉन्स स्कूल में भरतनाट्यम कलाकार मोहम्मद आसिफ खान का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल में सोमवार की सुबह आयोजित स्कूल असेंबली छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव लेकर आई। इस असेंबली में विद्यालय के पूर्व छात्र एवं प्रसिद्ध भरतनाट्यम कलाकार मोहम्मद आसिफ खान का सम्मान किया गया। मोहम्मद आसिफ खान ने पिछले पांच वर्षों में भरतनाट्यम का कोर्स पूरा किया है और अपनी कला के दम पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहचान बना रहे हैं। उन्हें हाल ही में सऊदी अरबिया में एक कॉन्सर्ट के लिए आमंत्रित किया गया है और साथ ही वहां उन्हें (विभागाध्यक्ष) का कार्यभार भी सौंपा गया है। संस्था की ओर से प्राचार्या बिंदु जॉर्ज जैकब एवं निर्देशक जॉर्ज ने बुके और शील्ड भेंट कर आसिफ खान का गर्मजोशी



से स्वागत किया। उनके मंच पर आते ही पूरा सभागार उत्सुकता से भर गया।

**संघर्ष से सफलता तक की यात्रा-** आसिफ खान ने अपनी नृत्य-यात्रा की कहानी छात्रों के साथ सरल और सच्चे शब्दों में साझा की, जिसने सभी के दिलों को छू लिया। उन्होंने बताया कि छुरा से लगभग सत्रह किलोमीटर दूर से वे प्रतिदिन जंगल के रास्ते होते हुए अपनी पढ़ाई करने स्कूल आते थे। अपनी कठिन मेहनत और परिश्रम के बल पर ही उन्होंने आज यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने छात्रों से कहा कि जब वह देश-विदेश में शिक्षण के लिए जाते हैं, तो हमेशा उन्हें अपने स्कूल के नियम और अनुशासन याद आते हैं, जिन्होंने उन्हें जीवन में बहुत कुछ सिखाया है। उन्होंने अध्ययनरत सभी बच्चों को प्रोत्साहन देते हुए कहा कि स्कूल लाइफ में सभी को संघर्ष करना पड़ता है, लेकिन कुछ बनने के बाद वही डांट और फटकार याद आती है, जो हमें बेहतर बनाती है।

**छुपी प्रतिभाओं को सामने लाने का आह्वान-** अंत में, प्राचार्या बिंदु जॉर्ज जैकब ने सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अपनी-अपनी छुपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाएं। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे अपनी मेहनत से स्वयं का, अपने माता-पिता का, समाज का, संस्था का और अपने अंचल का नाम रोशन करें। इसी आह्वान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## पहाड़ी गांवों में किया मतदाता पुनरीक्षण कार्य

# दुर्गम रास्तों पर पैदल और बाइक से पहुंचे बीएलओ और सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल मैनपुर विकासखण्ड में इन दिनों मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) का कार्य बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण साबित हो रहा है। दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में बसे विशेष पिछड़ी जनजाति के गाँवों तक पहुँचकर समय-सीमा में इस महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करना एक कठिन परीक्षा बन गया है। शासन के निर्देशानुसार, मतदाताओं के घर-घर तक पहुंचकर यह कार्य प्राथमिकता से किया जाना है। इस कारण, शिक्षक बने बीएलओ, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और कोटवारों को साइकिल, मोटरसाइकिल और कई किलोमीटर पैदल चलकर पहाड़ी के ऊपर बसे गांवों में पहुंचना पड़ रहा है। मैनपुर ब्लॉक के ओडिशा सीमा से लगे कुल्हाड़ीघाट पहाड़ी के ऊपर स्थित दुर्गम गांव ताराझर एवं कुर्वापानी में यह चुनौती साफ दिखाई दी।





**नेटवर्क और बार-बार दौरा बनी समस्या-**इन गाँवों में बीएलओ सुखराम नागेश, सचिव प्रेमलाल ध्रुव, कोटवार लोकेश जगत, और रोजगार सहायिका हिरौंदी ठाकुर की टीम ने पहुंचकर एसआईआर गणना फॉर्म भरा। इस दौरान उन्हें नेटवर्क की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ा। बीएलओ को एक-एक घर में चार से पांच बार जाना पड़ रहा है, क्योंकि या तो मतदाता घर पर नहीं मिल रहे हैं, या फिर ऑनलाइन डेटा अपलोडिंग के लिए नेटवर्क नहीं मिल रहा है।

बीएलओ सुखराम नागेश ने चर्चा के दौरान बताया कि शासन के निर्देशानुसार इस कार्य को समय-सीमा पर पूरा करना है, जिसके कारण उन्हें विषम परिस्थितियों में भी पहाड़ी गांवों में कई किलोमीटर पैदल चलकर जाना पड़ रहा है।

